तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

3 आस्था के साथ मंदिरों में मनाया गया हनुमत प्रभु का जन्मोत्सव



## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में प्रवेशोत्सव का आयोजन

**अनूपपुर।** नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ जिले के शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। प्रदेश शासन की मंशानुरूप अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आयोजित इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा शाला प्रबंधन समिति भी सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है,इसी अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र के द्वितीय दिवस भी शासकीय विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदरा कालरी अनूपपुर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले पात्र छात्र-छात्राओं को सुगम आवागमन के लिए विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय अधिकारियों द्वारा निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

### सेना भर्ती के लिए पंजीकरण अब 10 तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि भारतीय सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। पूर्व में यह तिथि 1 अप्रैल निर्धारित थी। ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हुई थी, जिसमें अब अभ्यर्थी बढ़ी हुई तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (10वीं एवं 8वीं), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) सहित स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक पदों पर पंजीकरण किया जा रहा है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) जून 2026 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### कर्मयोगी भारत अभियान साधना सप्ताह 8 तक

**बलरामपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कर्मयोगी भारत अभियान के अंतर्गत जिलों में 2 से 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले के समस्त विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को 2 से 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह मनाया जाना सुनिश्चित करने को कहा है। साधना सप्ताह के अंतर्गत 2 अप्रैल को शुभारंभ एवं सभी विभागों में साधना सप्ताह का सामूहिक वाचन तथा कर्मयोगी भारत के उद्देश्यों पर परिचर्चा की जाएगी। इसी प्रकार 3 अप्रैल को आत्मचिंतन दिवस, 4 अप्रैल को सेवा संकल्प दिवस के अंतर्गत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु संकल्प एवं विभागीय सेवा मानकों की समीक्षा, 5 अप्रैल को नवाचार दिवस के अंतर्गत कार्य प्रणाली में सुधार हेतु नवीन विचारों का आदान-प्रदान एवं डिजिटल साधनों के प्रयोग पर कार्यशाला, 6 अप्रैल को पारदर्शिता दिवस के अंतर्गत प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु चर्चा एवं शिकायत निवारण तंत्र की समीक्षा, 7 अप्रैल को सहयोग दिवस के अंतर्गत सामूहिक कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु गतिविधियां एवं विभागीय समन्वय बैठक तथा 8 अप्रैल को समापन दिवस पर सप्ताह भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन तैयार करना एवं साधना सप्ताह का समापन एवं अनुभव साझा किया जाएगा।

इसी सत्र से शुरू होगी 50 सीटों पर पढ़ाई

मनेन्द्रगढ़ बनेगा संभाग का मेडिकल हब

# स्वास्थ्य मंत्री ने फिजियोथैरेपी कॉलेज का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

3 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के विजनरी नेतृत्व में क्षेत्र को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दोहरी सौगात मिली है। आमाखेरवा ग्राउंड में आयोजित गरिमामय समारोह में 1393.71 लाख रूपए की लागत से बनने वाले नवीन फिजियोथेरेपी कॉलेज भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

इसी सत्र से 50 सीटों के साथ फिजियोथेरेपी का स्नातक पाठ्यक्रम शुरू होगा। मुख्य भवन के निर्माण तक इसका संचालन सिंधी कालरी एजुकेशन सोसाइटी, झगराखांड में वैकल्पिक रूप से किया जा रहा है, जिसके लिए एसईसीएल से एमओयू भी कर लिया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक भरतपुर-सोनहत रेणुका सिंह मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग ।

चंपादेवी पावले, महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई और परसगढ़ी सरपंच बुद्धु सिंह शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज एक साथ होने से क्षेत्र के युवाओं का रूझान मेडिकल फील्ड की ओर तेजी से बढ़ेगा।

मनेन्द्रगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है, जब यहां के विधायक को प्रदेश में स्वास्थ्य जैसे अति-महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी मिली है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय सरगुजा संभाग से ही स्वास्थ्य मंत्री होने के बावजूद क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा को लेकर ऐसी सक्रियता नहीं दिखी थी। श्री जायसवाल के मंत्री बनते ही न केवल रिक्त पदों पर नियुक्तियां हुइं, बल्कि मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज जैसी परियोजनाओं ने धरातल पर आकार लेना शुरू कर दिया है। भूमिपूजन के दौरान जनता को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी ⏩ शेष पेज 4 पर



# राजस्व पखवाड़ा शिविर में 51 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत भवन खोंड में आयोजित राजस्व पखवाड़ा समाधान शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कार्रवाई की गई। शिविर में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें आय, जाति, निवास, फौती नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से जुड़े प्रकरण शामिल थे।

■ जनसमस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता

शिविर में अधिकारियों ने मौके पर ही सुनवाई कर कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया तथा आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किए। आय प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरणों का विशेष रूप से प्राथमिकता के साथ समाधान किया गया। इस दौरान प्रभुनाथ को आय प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, वहीं उदयभान, श्यामवती एवं उर्मिला को किसान पुस्तिका वितरित की गई। मांगलेश्वर के प्रकरण में फौती नामांतरण आदेश जारी कर उसकी प्रति सौंपी गई। इसी तरह विगत दिनों ग्राम नगर में आयोजित पखवाड़ा शिविर में विभिन्न राजस्व ग्रामों में बी-1 वाचन कराया गया। साथ ही फौती नामांतरण पूर्ण कर राम प्रकाश मिश्रा (ग्राम बिशनपुर) एवं लाल (ग्राम रटगा) को बी-1 वितरित किया गया। जिरजोधन को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। खाता विभाजन के तहत रंगलाल, रामखेलावन एवं तिलकराम के खसरा नंबर में विभाजन कर दस्तावेज सौंपे गए। वहीं राम लालू को किसान किताब वितरित की गई। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग का उद्देश्य आमजन को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए और किसी भी पात्र हितग्राही को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि वे शासन द्वारा आयोजित शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा सके।

# सीईओ ने घर-घर संपर्क कर किया संवाद

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में निरंतर निगरानी और आवश्यक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार हितग्राहियों से नियमित संवाद किया जा रहा है।



जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने इसी क्रम में बीते दिवस आवास निर्माण की प्रगति का मैदानी स्तर पर जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर जन चौपाल लगाकर हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए उत्साह बढ़ाया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत खोडरी में आवास चौपाल में शामिल आवास हितग्राहियों से बात करते हुए उनकी आवश्यकताओं और आपूर्ति पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक समझाइश दी। सुरक्षित जीवन के लिए पक्के आवास की उपयोगिता और महत्व को समझाते हुए डॉ.आशुतोष ने कहा कि आप जल्द अपना मकान बनाकर सुरक्षित जीवन की ओर आगे बढ़ें। हितग्राहियों से संवाद करने के साथ ही उन्होंने टीम के साथ गांव में लगभग दर्जन भर हितग्राहियों के निर्माणाधीन कार्यों को जाकर देखा। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर भ्रमण करते हुए आवास निर्माण में प्रगति के लिए प्रेरित किया।

### चक्कर आने पर बाथरूम में गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** शीतला वार्ड निवासी विशाल मानिकपुरी आ. कामेश्वर दास (25 वर्ष) सुबह लगभग 9 बजे बाथरूम में आंख मुंह धोने गया था। तभी अचानक चक्कर आने से गिर गया। बाथरूम में गिरने की आवाज सुन बहन नदिनी दास बाथरूम गई तो देखा भाई का सिर पानी भरे टब में डूबा हुआ है। किसी तरह बहन से भाई को बाथरूम से निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात युवक शराब पिया था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# बस सेवा ठप, आंदोलन की चेतावनी

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा माइंस आरओ में कार्यरत कामगारों के लिए बस सेवा बंद होने का मामला अब गंभीर विवाद का रूप ले चुका है।



चरचा ईस्ट कटगोड़ी सॉफ्ट में ड्यूटी करने वाले श्रमिकों को कार्यस्थल तक पहुंचाने वाली बस के अचानक बंद हो जाने से जहां पहले से ही परेशानी बनी हुई थी, वहीं अब इस पूरे मामले में प्रशासनिक लापरवाही के आरोप भी सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार खान प्रबंधक की ओर से बस सेवा को लेकर एक पत्र जारी किया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि उस पत्र पर खान प्रबंधक के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। इस बिना हस्ताक्षर वाले पत्र के आधार पर बस संचालक द्वारा सेवा शुरू नहीं की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कामगारों का कहना है कि यह न केवल लापरवाही है, बल्कि उनकी सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। रोजाना लंबी दूरी तय कर जोखिम उठाकर कार्यस्थल तक पहुंचना उनकी मजबूरी बन गई है। श्रमिकों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि आने-जाने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी होती है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, इसका जवाब प्रबंधन को देना चाहिए। वहीं महाप्रबंधक बैकुंठपुर बीएन झा ने पहले ही स्पष्ट किया है कि बस सेवा ठेका आधारित थी, जिसका अनुबंध समाप्त हो गया था। नया ठेका हो चुका है इसकी जानकारी कामगारों को दे दी गई है, बावजूद इसके जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# नागपुर-चिरमिरी नई रेलवे लाइन शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

संबोधन साहित्य कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ का चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ को चिरमिरी-बरवाडीह रेल लाइन मार्ग से जोड़ने के लिए 2013 से किया जा रहा प्रयास अब मूर्तरूप लेने लगा है।

उप मुख्य रेल इंजीनियर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नागपुर-चिरमिरी के बीच 17 किमी की नई रेलवे लाइन का कार्य बहुत जल्द प्रारंभ होने की संभावना है। ज्ञात हो कि इस रेल लाइन के सर्वे कराने से लेकर सीमांकन पत्थर लगाने तक के कार्य में रेलवे इंजीनियर को हर संभव सहयोग देने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रेलवे के पूर्व उप महाप्रबंधक एवं संबोधन संस्थान मनेन्द्रगढ़ के सदस्य भानु प्रकाश सिंह द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय के माध्यम से एसईसीआर रेलवे को प्रेषित पत्र के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ एमसीबी जिला कलेक्टर कार्यालय से भू-अधिग्रहण का 16.92




करोड़ का मुआवजा पत्रक रेलवे बोर्ड को प्राप्त हो चुका है जो रेलवे बोर्ड दिल्ली को भुगतान के लिए प्रेषित कर दिया गया है। इस संबंध में जॉइंट सर्वे के द्वारा अधिग्रहित भूमि का चिन्हांकन भी अंतिम चरण पर है। रेलवे बिलासपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस भू-अधिग्रहण एवं छग वन विभाग की अधिग्रहित भूमि क्लियरेंस की कार्रवाई भी अंतिम चरण पर है, जिसके 2026 अप्रैल माह तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। रेलवे ने विश्वास दिलाया है कि वर्ष 2028 अप्रैल तक यह रेल लाइन पूरी हो जाएगी। संबोधन विचार मंच के विभाग अध्यक्ष बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था के द्वारा नागपुर-चिरमिरी रेल लाइन के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रतिफल अब दिखाई देने लगा है। ब्रिटिश कालीन 1928 में कोयला परिवहन के लिए बने अनूपपुर-चिरमिरी रेल लाइन से आगे चिरमिरी-बरवाडीह रेल लाइन बढ़ाने की योजना ब्रिटिश काल की योजना है जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत की आजादी आंदोलन के कारण कारण पांच स्टेशन बनाकर भी रोक दी गई थी।

इस रेल लाइन का कार्य पूर्ण हो जाने पर मुंबई-कोलकाता की यह सबसे छोटी लाइन होगी, जिससे इस रेल मार्ग की दूरी 400 किमी कम हो जाएगी। वर्तमान में इस रेल लाइन के पूरा हो जाने पर अंबिकापुर से चलने वाली सभी एक्सप्रेस एवं सवारी गाड़ियां चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ रेल मार्ग से गुजरेंगी, जिसका फायदा इस अंचल के 2 लाख से भी ज्यादा जनसंख्या को प्राप्त होगा।

### हत्या के मामले में आरोपी दंपती गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी युवक की हत्या करने तथा शव को घर में दफन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दंपति को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक 31 मार्च की रात भगवानपुर खुर्द निवासी मिथलेश कुजूर थाना गांधीनगर आकर बताया कि 7 दिन पूर्व रात में गांव के बृजलाल अगरिया उसके घर आया था और शराब पीने के लिए अपने घर चलने का जिद करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान बृजलाल अगरिया ने मिथलेश को लाठी मारकर हत्या कर दी। मिथलेश कुजूर शव को पत्नी राजकुमारी की सहायता से अपने घर में सूअरों के लिए बनाये गड्ढे में डालकर छिपा दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस आरोपी को दंपति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से दंपति को जेल भेज दिया गय है।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिले गणवेश




**डोमनहिल।** स्कूली बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हल्दीबाड़ी के व्यवसायी अश्वनी अरोरा द्वारा नव निर्मित होटल कृतिका के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आधुनिक ड्रेसेज के संचालक अश्वनी अरोरा, दिनेश सिंह, शिक्षिका श्रीमती उपाध्याय, व्यापारी संघ अध्यक्ष नीतू कोहली, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, धर्मेन्द्र त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी विजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के कक्षा 4 से 11 वीं तक के वर्ष 2025 एवं 2026 की परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ⏩ शेष पेज 4 पर

चर्च में हुए विविध आयोजन

# गुड फ्राईडे पर मसीही समाज की विशेष प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मसीही समाज ने 3 अप्रेल को गुड फ्राईडे के अवसर पर शहर के ईएलसी चर्च एवं रामपुर स्थित केथोलिक चर्च में सुबह के समय काफी संख्या में पहुंच कर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर प्रभु यीशु को याद किया।

शहर के मिशन कॉलोनी स्थित ईएलसी चर्च में सुबह के समय जुटे मसीहीजन के द्वारा चर्च में प्रभु यीशु का याद किया गया तथा कुरस पर चढेÞ प्रभु यीशु द्वारा दिए गए सात वाणियों का प्रवचन उपस्थितजन को सुनाया गया, जिसका सभी ने मनन किया। वहीं शहर से लगे रामपुर स्थित केथोलिक चर्च में भी विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रभु यीशु को याद किया गया, इसके अलावा यहां के





गिरजाघर में प्रभु यीशु द्वारा मानवता के लिए किए गए उद्धार कार्य को प्रदर्शित करने के लिए कुरस पर चढ़ने का नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के दौरान दिए गए वचनों को सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया गया। जानकारी के अनुसार गुड फ्राईडे के दिन ही प्रभु ⏩ शेष पेज 4 पर

### कल मनाया जाएगा ईस्टर

प्रभु यीशु को शुक्रवार के दिन ही सूली पर विरोधियों द्वारा चढ़ाया गया था और इसी दिन प्रभु यीशु ने अपने प्राण त्याग दिए थे, इसके याद में तब से अब तक प्रतिवर्ष उस दिन को याद रखने के लिए गुड फ्राईडे का पर्व मनाया जाता है। इसके तीसरे दिन यानी रविवार को प्रभु यीशु जीवित हो उठे, इसलिए गुड फ्राईडे के तीसरे दिन रविवार को प्रतिवर्ष ईस्टर पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन मसीही समाज के लोग गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा के साथ उल्लास पूर्वक इस्टर पर्व मनाते है। संगीत का कार्यक्रम भी कई जगहों पर आयोजित की जाती है।

# पेड़ से टकराया ट्रेलर, लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरूवार को अम्बिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाईवे क्रमांक 364 स्थित डूमरखी बैरियर के आगे मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रेलर के सड़क किनारे के पेड़ों से टकराने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई।

■ दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से बुझाई आग

गुरूवार को अपराह्न 3 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 5772 डूमरखी बैरियर के आगे हाईवे के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के विशाल दो पेड़ों से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटना के तत्काल बाद ट्रेलर के इंजन से आग की लपटें उठने लगी तथा ट्रेलर धू-धूकर जलने लगा। गनीमत थी कि ट्रक



चालक युसूफ अंसारी (32) समय रहते वाहन से कूद गया था। सूचना मिलते ही पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम पहुंची तथा स्थिति को संभाला। टीम ने अग्निशमन को सूचना देकर घटनास्थल पर बुलाया साथ ही जंगल में आग फैलने की संभावना पर वन अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। अग्निशमन दल ने पानी की बौछारें कर आग पर काबू पाया। संयुक्त प्रयासों से जंगल को भी जलने से बचाया गया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।


Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरू
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code

## खबर संक्षेप

### मवेशी तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गणेशमोड़ चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि 30 मार्च की रात कुछ लोग भैंसामुंडा रेलवे लाइन के रस्ते से बछिया को झारखण्ड तस्करी कर ले जा रहे है। सूचना पर गणेशमोड़ चौकी पुलिस ने घेराबंदी कर महाराजगंज निवासी 48 वर्षीय सलीम अंसारी आ. स्व. इजहार अंसारी को पकड़ने के साथ ही 4 रास गाय व बछिया एवं एक नग हीरों स्पेंडर प्लस मोटर सायकल क्रमांक सीजी 30 एच 6486 जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 4,6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### जगन्नाथ मंदिर में मनाया गया उत्कल दिवस



**बिश्रामपुर।** उड़ीसा स्थापना दिवस (उत्कल दिवस) के अवसर पर नगर बिश्रामपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में समाज के सदस्यों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री जगन्नाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई,इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राजकीय गीत तथा सुभद्रा ग्रुप की महिलाओं द्वारा उड़ीसा का राजकीय गीत "उत्कल जननी" प्रस्तुत कर आयोजन का शुभारंभ किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेनापति प्रधान ने उत्कल दिवस के महत्व, अपनी संस्कृति के संरक्षण तथा मंदिर के रखरखाव पर प्रकाश डाला,इस अवसर पर बच्चों द्वारा नृत्य एवं भाषण की प्रस्तुति दी गई,वहीं समाज की महिलाओं ने भी मधुर गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई,कार्यक्रम का संचालन सचिव सूरज सेठी ने किया,कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं महिलाओं को समिति द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया,आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक अशोक स्वाई, शितीकांत स्वाई, संजय पंडा, सुदर्शन सेठी, ऋनाथ देहुरी, प्रफुल्ल नायक, बूनू स्वाई, विद्याधर साहू, प्रमोद कहर, संतोष सेठी, अलंकार नायक, दीप्ति स्वाई, गीतांजलि स्वाई, मीरा महापात्र, ममता सेठी, छंदाश्री, मंजू स्वाई, गीता त्रिपाठी व अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### योग कक्षा का शुभारंभ, फीता काटकर किया गया उद्घाटन



**रामानुजगंज।** नगर में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा समिति, अशोकनगर के तत्वावधान में 2 अप्रैल से निशुल्क योग कक्षाओं का पुनः शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर में फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। योग कक्षाएं डॉ. पवन सिंघल द्वारा स्थापित संस्था के मार्गदर्शन में संचालित हो रही हैं। कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7.15 बजे तक आयोजित होंगी, जबकि रविवार एवं विशेष अवसरों पर समय 7.30 बजे तक रहेगा। योग प्रशिक्षण का संचालन ग्वालियर के करुणा गुप्ता द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम योग गुरु ज्ञानेंद्र बाजपेई एवं योग शिक्षिका आरती वाजपेई के नेतृत्व में संपन्न हुआ। योग साधक अरविंद दुबे ने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। योग साधक अमित गुप्ता ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क योग कक्षा में शामिल होने की बात कही। इस संबंध में जानकारी देते योग साधक अनूप गुप्ता, अमित गुप्ता एवं बंटी अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में भी राम मंदिर में नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित होती थीं, जो कुछ समय के लिए बंद हो गई थीं। अब इन्हें पुनः प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योग शिविर में महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर योग साधक अरविंद दुबे, प्राचार्य आनंद पाठक, रेणु पाठक, सिम्मी गुप्ता, अजय केशरी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### जरही मंडल किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित, विनय बने उपाध्यक्ष

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने



संगठनात्मक विस्तार के तहत जरही मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। यह घोषणा जिलाध्यक्ष कपिल पाण्डेय की अनुशंसा पर की गई, जिसे मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता ने जारी किया।

## सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा के पाठ सहित हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

# आस्था के साथ मंदिरों में मनाया गया हनुमत प्रभु का जन्मोत्सव



मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हनुमान जयंती पर शहर सहित जिलेभर में हनुमत प्रभु जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शहर के हनुमान मंदिरों को आकर्षक साज-सज्जा करने के साथ ही विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए तथा हवन-पूजन उपरांत देर रात तक भंडारे का आयोजन किया गया।

**खास बातें**
- पूरे दिन श्रद्धालु करते रहे पूजा-अर्चना
- देर शाम तक चलता रहा भंडारा

स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच हनुमत प्रभु की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे दिन मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा एवं सुदंरकाण्ड का पाठ किया। मंदिर समिति द्वारा हवन-पूजन एवं आरती उपरांत भण्डारा प्रारम्भ किया जो देर रात तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। कलेक्टोरेट स्थित इच्छापूर्ति दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की हनुमत प्रभु के जन्मोत्सव पर विशेष रूप से सजाया गया था। जन्मोत्सव पर मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालु पूरे दिन मंदिर में पूजा-अर्चना करते रहे। जन्मोत्सव विशेष पूजा, आरती उपरांत सुंदरकांड का पाठ किया। शाम 5 बजे कलेक्टर अजीत बसंत ने विधि-विधान से सपत्निक पूजा-अर्चना की। हनुमत जन्मोत्सव पर मंदिर समिति द्वारा सुबह से ही भंडारे का आयोजन किया गया था जो देर शाम तक चलता है। शहर के दत्ता कॉलोनी स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर पूजा-आरती की गई तथा अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहूति उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### हनुमान जयंती पर गढ़वतिया धाम में उमड़े श्रद्धालु

**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत महुली स्थित गढ़वतियां देवी धाम में हनुमान जयंती पर दूर-दूर के श्रद्धालु पहुंचे एवं पूजा-अर्चना की। तड़के मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया और देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। हनुमान जयंती पर मंदिर में पवन पुत्र की विशेष पूजा-अर्चना के साथ ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ, भजन-



कीर्तन किया गया। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं समिति द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था जिसके कारण भारी भीड़ के बावजूद किसी को भी परेशानी नहीं हुई। गढ़वतियां देवी धाम क्षेत्रवासियों के अटूट आस्था का केंद्र है, जहां हर वर्ष हनुमान जयंती पर विविध धार्मिक अनुष्ठान होते है।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में मनाया गया हनुमत जन्मोत्सव



**दरिमा।** खरा नदी के पास आस्था और विश्वास के केंद्र पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से हनुमत प्रभु का जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन कर रामायण पाठ किया गया इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कोयलांचल में श्रीराम टॉवर व धर्मध्वजा की हुई स्थापना

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर में हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया,इस अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बुधवार से प्रारंभ हुआ अखंड रामायण पाठ दूसरे दिन पूर्ण हुआ। गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गया,निर्धारित कार्यक्रम के तहत हनुमान जी का सहस्त्रार्चन पूजन, हवन एवं आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित बालकिशुन गर्ग महराज एवं अन्य आचार्यों के सानिध्य में संपन्न हुए। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। इसी अवसर पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के प्रवेश द्वार व अम्बेडकर चौक समीप श्रीराम टॉवर एवं धर्मध्वजा स्थापना का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन प्रांगण स्थित शिव मंदिर से निकाली गई रैली से हुई, जो मुख्य बाजार का भ्रमण करते हुए दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंची,वहां दर्शन-पूजन के पश्चात रैली पुनः श्रीराम टॉवर स्थल पहुंची। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रीराम टॉवर में धर्मध्वजा स्थापित की गई,इसके बाद सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया तथा विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।आयोजन को सफल बनाने में भाजपा, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे। कार्यक्रम की तैयारियां पिछले एक माह से चल रही थीं।श्रद्धालुओं ने एक स्वर में 101 फीट ऊंचे श्रीराम टॉवर की स्थापना को कोयलांचल के लिए ऐतिहासिक बताया,इस टॉवर में लगाए गए दर्जन भर लाउडस्पीकरों के माध्यम से प्रातः एवं सायंकाल हनुमान चालीसा एवं भजनों का प्रसारण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से धार्मिक श्रवण का लाभ मिल सकेगा।

- हवन पूजन व आरती पश्चात भंडारे का हुआ आयोजन



### नवनिर्मित मंदिर में पूजा अर्चना के साथ पंचमुखी हनुमान मूर्ति स्थापना

**प्रतापपुर।** थाना परिसर में पंचमुखी हनुमान का आज विधि विधान से पूजन कर नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति का स्थापना किया गया। बनारस से आए पंडितों द्वारा विधि विधान से बेदी पूजा सहित अनुष्ठान कर हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मूर्ति स्थापना की गई। मंदिर निर्माण सहित हनुमान की मूर्ति स्थापना से नगर में धार्मिक आस्था का केंद्र बना पुलिस थाना परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त ने विधि विधान से पूजन किया। मंदिर निर्माण सहित पंचमुखी हनुमान का मूर्ति विराजमान करने के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने भी मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से पूजन किया एवं मंदिर निर्माण को लेकर अपनी धार्मिक आस्था और नवनिर्मित मंदिर सहित पंचमुखी देव की सराहना किया। इस दौरान थाना प्रभारी अमित कौशिक, हरिशंकर तिवारी, राजेश यादव, राजेश तिवारी, विनोद परीडा, मंदिर समिति अध्यक्ष सतीश चौबे, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, लाल संतोष सिंह, विंध्याचल गुप्ता, अंकुर जायसवाल, अमित पांडे सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।



### पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम

**राजपुर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी जिससे क्षेत्र में भक्ति व श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सहस्त्र पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें नगर के श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 6 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर नगरवासियों की आस्था और सामूहिक सहयोग का जीवंत उदाहरण बन गया है। नगर वासियों के सहयोग से निर्मित यह मंदिर आज क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजय सिंह,पार्षद विश्वास गुप्ता, विकास सोनी, सचिन सोनी, शंकर अग्रवाल, नरेश अग्रवाल सहित नगरवासी मौजूद रहे।



### डीएसपी पीडी.कुजूर लंबी सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे डीएसपी पीडी.कुजूर ने 37 वर्ष 3 माह तक सेवा देकर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए( इस अवसर पर जिला पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसएसपी ने सेवानिवृत्त डीएसपी को साल-श्रीफल, उपहार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में एसएसपी ने कहा कि डीएसपी पीडी कुजूर ने अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ किया( अधीनस्थों को समय-समय पर मार्गदर्शन देते रहे। शांती एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रियता से कार्य किया। उन्होंने सेवानिवृत्त डीएसपी के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डीएसपी के परिजन, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रीना नीलम कुजूर, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## बिना अनुमति मोबाइल टावर निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम पंचायत केतका में बिना अनुमति लगाए जा रहे मोबाइल टावर को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सरपंच, उपसरपंच, पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्य बंद कराने की मांग की।

पूर्व सरपंच बाबूलाल सिंह ने बताया कि पंचायत की बिना एनओसी के कोई भी कंपनी, चाहे वह सरकारी ही क्यों न हो, पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कर सकती। बावजूद इसके एक कंपनी द्वारा बिना अनुमति मोबाइल टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। ग्रामीणों का कहना है कि टावर के लिए चयनित स्थान भी उपयुक्त नहीं है। उस स्थान पर पंचायत के कई विकास कार्य प्रस्तावित हैं, जो टावर निर्माण से प्रभावित हो सकते हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निर्माण कार्य को रोका जाना चाहिए। इसके बाद सभी लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक संबंधित कंपनी सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं करती, तब तक निर्माण को पूरी तरह से बंद कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे ।



### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**कुसमी।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तहसील पारा स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। रामायण पाठ के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जयंती पर आज सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। इधर सरहुल पर्व के अवसर पर दूर दूर से आए ग्रामीणों ने भी भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी ने बताया कि हनुमान मंदिर की स्थापना तहसील पारा 1961 वर्ष में की गई थी, उसके बाद से पूजा पाठ निरंतर चल रहा है। लगभग 30 वर्षों से विशाल भंडारा का आयोजन भक्तों द्वारा लगातार किया जा रहा है।



### समलाया मंडल में दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण महाभियान का समापन

**अम्बिकापुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत समलाया मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गुरूवार को किया गया। द्वितीय दिवस के चतुर्थ सत्र में सरकार की उपलब्धि एवं कार्यान्वयन एवं समापन सत्र में परीक्षा जिज्ञासा समाधान एवं समापन विषय पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विचार व्यक्त किया। सत्र की अध्यक्षता भगवान दास बंसल ने की। श्रीमती अरूणा सिह ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, समलाया मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी और परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने वक्ताओं एवं अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विनोद हर्ष, अभिषेक प्रताप सिंह, अजय सोनी, पूरन राई, सर्वेश तिवारी, सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।





## कलेक्टर एवं एसएसपी ने केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल ने केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसएसपी ने जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच की।

- जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का भी अवलोकन किया और आवश्यक तकनीकी दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभी बंदी बैरकों की सघन जांच की, जहां किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री नहीं पाई गई। कलेक्टर श्री वसंत ने जेल अस्पताल का दौरा कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। विशेष रूप से मानसिक रूप से अस्वस्थ बंदियों के समुचित उपचार और महिला वार्ड में रह रहे बच्चों के समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने जेल की पाकशाला (किचन) और उद्योग इकाई का भी निरीक्षण किया। बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई, इसके साथ ही जेल परिसर और बैरकों में साफ-सफाई की व्यवस्था भी बेहतर मिली। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल, जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत, उप जेल अधीक्षक आरआर मातलाम सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्र के आर्थिक कुप्रबंधन एवं कूटनीति की विफलता के कारण बढ़ी महंगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने जिला कांग्रेस कार्यालय में केंद्र सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन कुटनीतिक विफलता के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ने का आरोप लगाया। ईरान से जुड़े तनावपूर्ण स्थिति में सरकार की कूटनीति रही जिसके कारण पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है तथा सरकार को जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है।

- प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि मोदी सरकार ने फिर से कमर्शियल गैस की कीमत में 195 रूपए की बढ़ोतरी की है। इसके पूर्व बीते तीन महीनों के भीतर कमर्शियल गैस की कीमत में 525 रूपए तक की वृद्धि की गई थी। पिछले महीने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 62 रूपए की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर वाहवाही लूटी थी। भाजपा नेता इसे बड़ी राहत के रूप में प्रचारित कर रहे थे लेकिन सरकार ने फिर से पेट्रोल की कीमत में एक रूपए की वृद्धि कर दी है। जिसका प्रभाव अलग-अलग राज्यों में देखने को मिल रहा है। नायरा के पेट्रोल पंपों पर यह बढ़ोत्तरी 4 रूपए तक पहुंच गई है। सरकार ने एविएशन फ्यूल के दामों में भी वृद्धि की है जिससे हवाई यात्रा महंगी हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद्य तेल, मावा, राशन सामग्रियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मोदी सरकार ने आम आदमी के किचन का बजट बढ़ा दिया है। खाद्य तेल को 70 रूपए लीटर पहुंचने में 70 साल लग गए थे लेकिन मोदी राज में चंद दिनों में ही खाद्य तेल 200 रूपए के ऊपर पहुंच गया है। भाजपा की सरकार में आम आदमी का जीवन स्तर दिनो-दिन खराब हुआ है। सारी राहत एवं रियायतें भाजपाइयों के पूंजीपति मित्रों के लिए है। देश के संसाधन एवं सार्वजनिक उपक्रम उन्हीं पर लुटाए जा रहे हैं जबकि आम आदमी इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है।



### जेब पर पड़ रहा असर

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने मनरेगा के नाम से रोजगार की गारंटी का प्रावधान किया था जिसे मोदी सरकार ने योजना में परिवर्तित गरीबों के रोजगार का हक छीन लिया है। आम आदमी की कमाई लगातार घट रही है। देश के संसाधनों पर मोदी के पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में आर्थिक असमानता बढ़ रही है। महंगाई आम जनता के लिए भाजपा निर्मित आपदा बन गई है। रेलवे की टिकट से लेकर स्कूल, कॉलेज की फीस तक कई गुना बढ़ चुकी है। सरकार के संरक्षण में बैंक तरह-तरह के सेवा शुल्क लगाकर आम खाताधारकों को खुलेआम लूट रहे हैं। आगामी दिनों में महंगाई और अधिक बढ़ने की संभावना है जिससे लोगों का जीवन मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान कांग्रेस नेता द्विवितेंद्र मिश्रा, मो.इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, विनीत विशाल जायसवाल, दुर्गेश गुप्ता, अनूप मेहता, आलोक सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा, विकल झा, आशीष जायसवाल, अविनाश कुमार, अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल दुकान की आड़ में नशे का कारोबार, आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। मेडिकल दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिद्धि विनायक मेडिकल दुकान का संचालक संदीप कुमार चौहान अपने मेडिकल स्टोर से नशे का इंजेक्शन व सीरप बिक्री करता है। पुलिस ने संदेह के आधार पर मैनपाट जामपानी हाल मुकाम राजेंद्रनगर बिजली ऑफिस के समीप रहने वाले 34 वर्षीय संदीप कुमार चौहान आ. शरण साय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी कार क्रमांक सीजी 13 युजी 9338 में 100 पीस कॉफर सी नामक कोडिन कफ सिरफ खरीदकर रखने और 5 पीस बेचने की बात कही। पुलिस ने आरोपी के मेडिकल दुकान के बगल में खड़ी कार क्रमांक सीजी 13 युजी 9338 की डिक्की से नशीला कफ सीरप 95 नग एवं खाली नार्कोटिक्स दवाओ के रैपर व सीसी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के पास से नशीला कफ सिरप, कार बरामद करने के साथ ही एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चलगली थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी रामपति पति अमर साय (41 वर्ष) 31 मार्च की शाम लगभग 4-5 बजे घर के सामने बच्चों को खिला रही थी। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 29 एएच 6245 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए महिला को टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में वाड्फनगर अंतर्गत ग्राम परसडिहा निवासी अंकित पटेल आ. गौतम पटेल (28 वर्ष) 27 मार्च को नितिन पटेल के साथ बाइक ससुराल ग्राम कोल्डिहा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार बनारस मुख्य मार्ग धोधा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर मासूम की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सलका निवासी दुलेश्वर राजवाड़े गत दिन पत्नी व तीन वर्षीय पुत्र लक्ष्य राजवाड़े के साथ स्कूटी से ग्राम पोड़ी रिश्तेदार में गया था। शाम को तीनो स्कूटी से वापस घर लौट आ रहे थे और जैसे ही शाम 7 बजे पोड़ी मोड़ के समीप पहुंचे तभी निर्माणाधीन सड़क पर बिदे गिट्टी से स्कूटी फिसल गई जिससे तीनों सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में तीन वर्षीय मासूम को गंभीर चोट आई। परिजन उसे तत्काल भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन बालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## भव्य शोभायात्रा व विशाल भंडारे का आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में चरचा कॉलरी क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पालिका शिवपुर चरचा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शाम करीब 5 बजे वार्ड क्रमांक 3 स्थित बर्दी मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा की शुरूआत हुई। यह शोभायात्रा पुराना थाना से मुख्य मार्ग होते हुए सुभाष नगर, महाराणा प्रताप चौक, नेपाल गेट, व्हीटीसी चौक, राजीव गांधी चौक से होते हुए राम मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। राम मंदिर पहुंचकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन-पूजन किए, जिसके बाद शोभायात्रा पुनः हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी मंदिर पहुंचकर हनुमानजी और श्रीराम के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पार्षद रामकली पाल, प्रदीप तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष भूपेन्द्र यादव एवं बैकुंठपुर के पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर हनुमान मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूरी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे का अद्भुत संदेश देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में सर्व हिन्दू समाज के सदस्यों, युवा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया, इससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े, भक्ति गीतों की मधुर धुन और युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। छोटे-छोटे बच्चे भगवान हनुमान एवं श्रीराम के स्वरूप में सजे नजर आए, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बने रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया एवं जगह-जगह पेयजल वितरण की व्यवस्था की गई। इससे पूरे नगर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सशक्त करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस तरह हनुमान जयंती का यह आयोजन चरचा कॉलरी क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनकर यादगार बन गया।





## पटना में निकली विशाल शोभायात्रा



पटना। हनुमान जयंती के अवसर पर पटना में निकली गई हनुमान जी की शोभायात्रा का पटना आदर्श चौक पर हुआ भव्य स्वागत। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पटना से निकली शोभायात्रा जैसे ही आदर्श चौक पहुंची, वहां उपस्थित वरिष्ठजन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, रनई जमींदार योगेश शुक्ला, कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, नगर के प्रमुख डॉक्टर एके सिंह ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, वहीं स्वागत कार्यक्रम के आयोजक चंद्रकांत गौतम, मनोज अग्रवाल, सुजीत सोनी, पंकज साहू, सत्यम साहू, नरेश यादव सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत पटाखा फोड़कर व जूस वितरण कर किया। इसी प्रकार रास्ते में जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत हुआ। इसमें रंजीत चाफेकर, आकाश हार्डवेयर के संचालक सपन धनोरिया, प्रशिक्षण में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी, नगर के प्रतिष्ठित गोपाल शर्मा, कृष्ण मुरारी गुप्ता, रमेश गुप्ता छोटका बड़का अंजुमन कमेटी के पदाधिकारी ने भी अलग-अलग स्थानों में शोभायात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह हुए स्वागत से पटना का वातावरण भक्ति मय हो गया। विदित हो कि 2 अप्रैल हनुमान जयंती के अवसर पर पटना के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से ही हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पूजा-अर्चना के पश्चात हनुमान सेवा समिति द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर इमली चौक, बस स्टैंड, आदर्श चौक, बाजारपारा, पाण्डवपारा रोड होते हुए वापस मंदिर प्रांगण तक निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे, शोभा यात्रा के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया।



## दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मना जन्मोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** श्री-श्री 1008 दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर जेकेडी रोड वार्ड नंबर 14 में श्री हनुमान जन्मोत्सव का पावन एवं पुनीत आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर सहित पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसे अत्यंत धूमधाम से निकाला गया। इस कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं, वहीं पुरूष एवं युवा वर्ग भी काफी संख्या में शामिल रहे। यात्रा के दौरान भगवान हनुमान के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कलश यात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर के सामने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक साथ भाग लेकर भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात यह शोभायात्रा विवेकानंद चौक, गांधी चौक, श्रीराम मंदिर, गुरूद्वारा मार्ग होते हुए पुनः विवेकानंद चौक से मंदिर परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर एवं प्रसाद वितरण कर भक्तों का उत्साहवर्धन किया गया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर पहुंचने के बाद विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सफलता में अपनी सहभागिता निभाई। संध्या समय महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही और सभी ने श्रद्धा भाव से आरती में भाग लिया। श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त प्रबुद्धजन, श्रद्धालुओं एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। समिति के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।




## हनुमान जन्मोत्सव पर एसपी ने शुरु किया सेवा प्याऊ

**अनूपपुर।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा जनसेवा और यातायात सुरक्षा को एक नई दिशा देते हुए यातायात सुरक्षा एवं सेवा प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने स्वयं अपने हाथों से आमजन को शीतल जल पिलाकर इस जनहितकारी पहल की शुरूआत की,जो सेवा भावना का जीवंत उदाहरण बन गई। एक ही स्थान पर सेवा का त्रिवेणी संगम प्याऊ, हेलमेट बैंक और लर्निंग लाइसेंस कैंप इस अभिनव पहल की खास बात यह है कि एक ही स्थान पर सेवा प्याऊ, हेलमेट बैंक एवं लर्निंग लाइसेंस कैंप का सुंदर और उपयोगी समागम किया गया है,यहां राहगीरों को निःशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल सुविधा भी दी जा रही है। भीषण गर्मी में आमजन को राहत देने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह सेवा प्याऊ न केवल प्यास बुझाएगा,बल्कि सुरक्षित यातायात की दिशा में भी लोगों को प्रेरित करेगा,हेलमेट बैंक के माध्यम से सुरक्षा पहले का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

## हनुमान जयंती पर चिरमिरी में भव्य शोभायात्रा





**डोमनहिल।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को चिरमिरी क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भैंसा दफाई हल्दीबाड़ी से सड़क दफाई हनुमान मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा में सजे-धजे आकर्षक रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और बजरंगबली विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। रथ के साथ चल रही मनमोहक झांकियों ने सभी का ध्यानाकर्षित किया। हल्दीबाड़ी पंखा दफाई हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा आमानाला हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूरे दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा। शाम को निकली शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शोभायात्रा में शामिल हुए। वे भक्तों के साथ भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए, इससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर भोग-भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं के लिए लस्सी, पानी, हलवा एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। नगर के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने भी श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। विशेष रूप से सड़क दफाई हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद सिंह, संजय सिंह, डॉ. गौतम विश्वास, राकेश परासर, लक्की परासर, रमाशंकर मिश्रा, शिवानंद तिवारी, सुरेन्द्र सोनवानी, विश्वजीत तिवारी, जितेन्द्र, उमाशंकर अलगमकर, बबल सिंह, मिंकू श्रीवास्तव, अन्नी जैन, राजा गुप्ता सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चनवारीडांड के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना जन्मोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** श्री सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गौटियापारा चनवारीडांड़ में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। शाम को हनुमान मंदिर में महाआरती की गई। इसमें पूर्व विधायक गुलाब कमरो, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के बाद परिसर में भजनो की प्रस्तुति मनेन्द्रगढ़ के कलाकार नरोत्तम शर्मा, मुकेश गुप्ता, रामजी वैश्य, वेद पांडे, गौतम शर्मा, राजा देवानी, गौरव मिश्रा, श्रीमती प्रीति वैश्य द्वारा दी गई। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, जनपद सदस्य रविशंकर वैश्य, सरपंच सोनू सिंह उरांव, चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, प्रदीप जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, पार्षद अनिल प्रजापति, स्वप्निल सिन्हा,जमील शाह, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के संजय सेंगर, प्रबल स्त्री फाउंडेशन की डाक्टर रश्मि सोनकर , श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती गंगा ताम्रकार, संजय सिंह, नवीन सिंह, मुन्ना गुप्ता, मृत्युंजय सोनी, चंद्रशेखर अग्रवाल, मनीष गुप्ता, अशोक केशरवानी, विकास गोयल, शिव केवट शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में हनुमान मंदिर समिति के भूपेन्द्र भंडारकर, सतीश गुप्ता, तरूण, रूपेश, प्रशांत, ज्ञानी, प्रकाश, प्रियांशु, नीतेश, समीर, चिंटू आदि सदस्यों का योगदान रहा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्वास्थ्य मंत्री ने...

जायसवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को छग का मेडिकल हब बनाना है। फिजियोथेरेपी कॉलेज केवल एक बिल्डिंग नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र के भविष्य का निर्माण केन्द्र है। हमने 2 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। अब हमारे छात्रों को रायपुर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, उन्हें उनके घर के पास ही अंतरराष्टीय स्तर की शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज की 50 सीटों पर भी इसी सत्र से पढ़ाई शुरू कर हम एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विभाग में बेहतर कार्यों को करते हुए क्षेत्रवासियों और प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### मेधावी विद्यार्थियों का...

सम्मानित किया गया। श्री अरोरा द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्कूली गणवेश, कॉपी-पेन भेंट कर आगामी वर्षों में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर की गई। श्री अरोरा ने कहा कि वे प्रतिवर्ष इस तरह मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक सफलता ही महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि समाज के लिए अच्छे कार्य करना भी हमारी जिम्मेदारी है। व्यापारी संघ अध्यक्ष नीतू कोहली ने इस पहल को सराहनीय बताया, वहीं प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने सुझाव दिया कि भविष्य में अन्य विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी इस तरह सम्मानित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की सूची भी जारी की गई। इसमें कक्षा 3 ए से कृतिका, 3 बी से पार्थ तिवारी, कक्षा 4 ए से अग्रज यादव, 4 बी से अनुश कुमार, कक्षा 5 ए से काश्वी जैन, 5 बी से स्वस्ति चंद, कक्षा 6 ए से शिवांगी कर, 6 बी से आधिरा बैजू, कक्षा 7 ए से अकरा फातिमा, 7 बी से आयाना दहिरवाल, कक्षा 8 ए से वंशिका सिंह, 8 बी से वर्णिका जैन, कक्षा 9 ए से आयुष गुप्ता, 9 बी से श्रेयांश मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 11 विज्ञान संकाय से अनन्या सिंह एवं वाणिज्य संकाय से वैभव सेठिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

### गुड फ्राईडे पर...

यीशु को सुबह 9 बजे सूली पर वाया गया था, इसके बाद उसी दिन अपरान्ह 3 बजे प्रभु यीशु ने अपने प्राण त्याग दिए थे। इसी घटना को याद करने के लिए प्रतिवर्ष गुड फ्राईडे का पर्व समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह पर्व शोक का पर्व होता है, इस दिन सादगी के साथ गिरजाघर में विशेष प्रार्थना के साथ प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ने के दौरान के वाणी को बताया जाता है। साथ ही गिरजाघरों में मोमबत्ती भी चढ़ाई जाती है, लेकिन गिरजाघर की घंटी नहीं बजाई जाती। गुड फ्राईडे के अवसर पर शहर के दोनों गिरजाघरों सहित जिले के अन्य जगहों पर स्थित गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां काफी संख्या में मसीही समाज के लोग जुटे। गुड फ्राईडे के दिन प्रभु यीशु के प्राण त्याग करने के दिन को शांति व सच्चे प्रेम का संदेश देने व प्रभु यीशु के बलिदान की मिसाल को याद रखने के लिए प्रत्येक वर्ष यह पर्व मनाया जाता है, इसके पूर्व समाज के लोगों द्वारा 40 दिनों का दुःख भोग के रूप में प्रत्येक दिन को मनाते रहे। इस दौरान पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया। कल घर-घर महकेगी व्यंजनों की खुशबू- 5 अप्रैल को इस्टर पर्व पर मसीही समाज के लोगों के हर घर में प्रभु यीशु के जीवित होने का पर्व पुनरूत्थान पर्व के रूप में मनाया जाएगा। समाज के सभी लोगों में खुशियां रहती है और हर घर में विभिन्न तरह के व्यंजन बनाए जाएंगे और एक-दूसरे को दावत भी दी जाएगी। इस तरह समाज के हर घर में विभिन्न तरह के पकवानों की खुशबू बिखरेगी।

## बूथ स्तर पर कांग्रेस के गांव चलो अभियान को लेकर हुई बैठक



**राजपुर।** मिशन गांव चलो अभियान के तहत किए जा रहे बूथ एवं पंचायत कमेटी गठन का शुभारंभ जनपद क्षेत्र के सभी 103 बूथ पर किया जाना है जिसकी शुरुआत बलरामपुर जिला के प्रभारी शफी अहमद, जिला अध्यक्ष हरिहर यादव, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम की उपस्थिति में गोपालपुर मंडल के ग्राम पंचायत मुरका में बैठक का आयोजन कर ग्राम पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी गठन प्रक्रिया संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रभारी ने केंद्र सरकार की विफलताओं तथा नीतियों को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधन के दौरान कहां की चल संगठन सृजन के माध्यम से हर एक पंचायत में बूथों पर हमें मजबूती से संगठन को खड़ा करना है। बूथ कमेटियों के गठन के दौरान सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो इस बात का ध्यान रखना है। अनुसूचित जाति जनजाति महिलाओं पिछड़े वर्ग के अलावा समाज के सभी लोगों को स्थान देते हुए मजबूत टीम तैयार करना है।जिला अध्यक्ष हरिहर यादव ने कहा कि कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं को पूरा महत्व देने की उद्देश्य संगठन सृजन के माध्यम से पंचायत स्तर पर कमेटियों का गठन कर रही है।

## चालीसा उपवास के अंतिम सप्ताह हुई विशेष प्रार्थना

**अम्बिकापुर।** मसीही समाज चालीस दिनों के उपवास व परहेज की अवधि के अंतिम सप्ताह में पुण्य गुरुवार की भक्ति आराधना में लीन है। विविध धार्मिक अनुष्ठान शाम 5 बजे से नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजा घर मे परंपरागत रूप से सम्पन्न हुआ। सांध्यकालीन कार्यक्रम के समस्त धार्मिक अनुष्ठान धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनी बड़ा की अगुवाई में फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने सम्पन्न कराई।

इस अवसर पर समुदाय को सम्बोधित करते हुए बिशप ने कहा कि प्रभु ईसा ने कहा प्रभु ईसा ने अपने शिष्यों के पैर धोकर विनम्रता और दया की शिक्षा दी। यीशु ने अपने शिष्यों के पैर धोकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया कि सच्चा जीवन विनम्रता सेवा और प्रेम में निहित है। यह ऐसा सबक है जो हमें जीवन के दैनिक दिनचर्या के व्यवहार व कार्यों के दौरान अपने व अजनबियों के बीच भी दिखना चाहिए। पुण्य गुरुवार के दिन ही ईसा मसीह ने संध्या भोज के पूर्व अपने 12 शिष्यों के पैर धुलाकर उन्हें अपना तन व रक्त समर्पित किया जो परम प्रसाद के रूप में मसीही ग्रहण करते हैं। इस दौरान बाइबिल के पाठ का वाचन फिलिप तिर्की व श्रीमती अजिता टोप्पो द्वारा किया गया। रात्रि 8 बजे से कार्यक्रमों के बाद आराधना प्रारम्भ हुई । इसमे सभी पारा टोला व संस्थानों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त